# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

विक्रमण

Email-vikramanmeerut@gmail.com

सम्पादक: सुशील गांधी [redacted] मेरठ, 2 मार्च 2024 हिन्दी समाचार पत्र

## शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं का द्रुत कार्य बल लोक व्यवस्था अकादमी मेरठ का दौरा



**विक्रमण संवाददाता मेरठ।** द्रुत कार्य बल लोक व्यवस्था अकादमी, मेरठ में शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, माधवपुरम मेरठ की लगभग100 छात्राओं ने डॉ0 उषा साहनी, सहायक प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग एवं जितेन्द्र सिंह बालियान, सहायक प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा की अगुवाई में भ्रमण किया। अकादमी में विद्यार्थियों को अप्राणघातक हथियारों एवं मुनेशन के विषय में बताने के साथ-साथ दंगा/दंगे जैसी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु द्रुत कार्य बल द्वारा भीड़ नियंत्रण संबंधी डैमो का प्रदर्शन भी किया गया । इसके अलावा रैपो संस्थान की ओर से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, द्रुत कार्य बल एवं द्रुत कार्य बल लोक व्यवस्था अकादमी, मेरठ संस्थान के विषय में श्याम लाल, उप कमाण्डेंट, मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा विस्तारपूर्व पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन द्वारा छात्राओं को बल के बारे में अवगत कराया गया, शहीद मंगल पाण्डे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय की कैरियर काउंसलिंग सैल प्रभारी प्रोफेसर भारती दीक्षित एवं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ0 अंजू सिंह के निर्देशन में छात्राओं के उक्त दल का रैपो संस्थान में भ्रमण कराया गया। छात्राओं को संबोधित करते हुए मिथिलेश कुमार सिंह, डी0आई0जी0 प्राचार्य रैपो ने समस्त छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति की महत्ता को रेखांकित करते हुए उनको यूनिफार्म बलों में अपना कैरियर चुनने हेतु प्रेरित किया तथा देश के भावी नीति निर्माण में छात्राओं की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला एवं यह भी बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में प्रत्येक रैंक पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र सेवा के लिये तत्पर हैं। इस अवसर पर जियाउल हक, द्वि0क0अधि, एन0एम0 मोरमई, उप0 कमा0, अमित कुमार, सहा0 कमा0, गोविन्द सिंह नेगी, सहा0 कमा0 एवं राज कुमार, सहा0 कमा0 एवं प्रशिक्षक स्टॉफ उपस्थित थे।

YOUR PARAGRAPH TEXT

Meerut-City | My City | 02

---

लोकतंत्र भास्कर

## छात्राओं ने किया द्रुत कार्य बल लोक व्यवस्था अकादमी का दौरा

लोकतंत्र भास्कर

मेरठ। द्रुत कार्य बल लोक व्यवस्था अकादमी में शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम की लगभग 100 छात्राओं ने डॉ. उषा साहनी एवं जितेन्द्र सिंह बालियान की अगुवाई में भ्रमण किया।

अकादमी में विद्यार्थियों को अप्राणघातक हथियारों एवं मुनेशन के विषय में बताने के साथ-साथ दंगा/दंगे जैसी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु द्रुत कार्य बल द्वारा भीड़ नियंत्रण संबंधी डैमो का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा रैपो संस्थान की ओर से केद्रीय रिजर्व पुलिस बल, द्रुत कार्य बल एवं द्रुत कार्य बल लोक व्यवस्था अकादमी, मेरठ संस्थान के विषय में जानकारी प्रदान की। छात्राऐं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के विविध पदों पर किस प्रकार अपना भविष्य सुरक्षित कर सकती हैं, के विषय में कैरियर काउंसलिंग का आयोजन भी किया गया। शहीद मंगल पाण्डे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय की कैरियर काउंसलिंग सैल प्रभारी प्रोफेसर भारती दीक्षित एवं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अंजू सिंह के निर्देशन में छात्राओं के उक्त दल का रैपो संस्थान में भ्रमण कराया गया।

---

## द्रुत कार्य बल की जानकारी दी



कार्यक्रम में शामिल शहीद मंगल पांडे कॉलेज की छात्राएं। संवाद

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला पीजी कॉलेज छात्राओं ने द्रुत कार्य बल लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) का भ्रमण कराया गया। अकादमी में विद्यार्थियों को अप्राणघातक हथियारों के विषय में बताने के साथ दंगे जैसी स्थिति से निपटने के लिए द्रुत कार्य बल द्वारा भीड़ नियंत्रण संबंधी डेमो भी दिया। रैपो संस्थान की ओर से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, द्रुत कार्य बल व लोक व्यवस्था अकादमी के विषय में उप कमांडेंट, मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी श्याम लाल ने पॉवर प्वाइंट के माध्यम से छात्राओं को जानकारी दी। प्रो. भारती दीक्षित व प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजू सिंह मौजूद रहे। संवाद

---

## मेरठ RAF में छात्राओं ने किया भ्रमण: शहीद मंगल पांडे कॉलेज की स्टूडेंट्स ने देखी दंगा नियंत्रण तकनीक

मेरठ · 22 मिनट पहले



शेयर

आरएएफ में शहीद मंगल पांडे कॉलेज की छात्राओं ने किया भ्रमण

मेरठ में कॉलेज की छात्राओं ने दंगा नियंत्रण करने के पूरे सिस्टम को समझा। शुक्रवार को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला पीजी कॉलेज माधवपुरम की स्टूडेंट्स RAF में विजिट करने गईं। छात्राओं ने द्रुत कार्य बल लोक व्यवस्था अकादमी को देखा और समझा। लगभग 100 छात्राएं प्रोफेसर डॉ. उषा साहनी के निर्देशन में इस विजिट पर गईं।

---

## महाविद्यालय की कैरियर काउंसलिंग सेल के अंतर्गत छात्राओं का "द्रुत कार्यबल लोक व्यवस्था अकादमी" का भ्रमण (01-03-2024)

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

Lok Nayak bharat

## शिक्षा विभाग द्वारा मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया

March 04, 2024



मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 40 छात्राओं द्वारा विभिन्न मॉडलों का निर्माण किया गया, यह सभी मॉडल शरीर के आंतरिक संरचना एवं क्रिया को प्रदर्शित करने के लिए बनाए गए इतने थे। जिसमें प्रमुख है श्वसन तंत्र, परिसंचरण तंत्र एवं पाचन तंत्र। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा सभी छात्रों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी गई। साथ ही उन्होंने छात्रों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए अच्छी जीवन शैली एवं पोषक तत्वों से भरे हुए भोजन के प्रयोग के लिए प्रेरित किया।



साथ ही शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आज एक व्याख्यान का आयोजन भी किया गया जिसके लिए प्रोफेसर होशियार सिंह शारीरिक शिक्षा विभाग जे एस कॉलेज सिकंदराबाद बुलंदशहर से मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने शारीरिक शिक्षा को करियर के रूप में कैसे बनाएं पर अपना व्याख्यान दिया।

### दिव्यांगजनों के निर्मित्त सामान की प्रदर्शनी का शुभारंभ 8 से



## महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन

## (04-03-2024)

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

मेरठ न्यूज
DAINIK MEERUT NEWS
WhatsApp 9837037373
EDITOR: RAJKUMAR AGARWAL
Date [redacted]
Get Social with us!
TWEET #Meerutnews24/ LIKE/SHARE

## ईको क्लब ने मनाया विश्व गौरैया दिवस।



आज दिनांक 20 मार्च 2024 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में ईको क्लब के तत्वावधान में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में नेस्ट मैन ऑफ इंडिया द्वारा कार्यशाला में छात्राओं को घोंसले बनाने सिखाए थे। आज छात्राओं द्वारा घोंसले बना कर पेड़ो पर टांगा गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ कुमकुम एवं डॉ गौरी ने किया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो डॉ अंजू सिंह ने छात्राओं को बताया कि पशु-पक्षी हमारे पर्यावरण को संतुलित करने का काम करते हैं। ऐसी ही एक चिड़िया है गौरैया। गौरैया पर्यावरण मित्र कहलाती है। अफसोस की आज गौरैया की संख्या तेजी से घट रही है। इसके विभिन्न कारण हैं। गौरैया का महत्व समझते हुए हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर डॉ राणा, श्रीमति आयशा एवम दिलीप माली उपस्थित रहे।

**महाविद्यालय में इको रेस्टोरेशन क्लब के अंतर्गत विश्व गौरैया दिवस का आयोजन (20-03-2024)**

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

DAK1-1_240305_093907

## प्राध्यापक अभिभावक संघ की मीटिंग का आयोजन



मेरठ । शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ में प्राध्यापक अभिभावक संघ की मीटिंग का आयोजन किया गया ' मीटिंग की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. (डॉ) अंजू सिंह द्वारा की गई तथा आयोजन एवं मंच- संचालन शिक्षक - अभिभावक संघ प्रभारी प्रोफेसर मोनिका चौधरी द्वारा किया गया। मीटिंग में महाविद्यालय के कला, विज्ञान, एवं वाणिज्य संकायों की लगभग 60 छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने प्रतिभाग किया तथा महाविद्यालय के शौचालय, विषय कक्षाएं, शिक्षण - अधिगम प्रक्रिया, कॉमन रूम, पार्किंग सुविधा, साफ सफाई आदि की व्यवस्था पर ना सिर्फ अपने पक्ष रखें बल्कि प्रशंसा करते हुए कुछ सुझाव भी दिए। प्राचार्य ने महाविद्यालय के वातावरण, छात्राओं तथा उनके अभिभावकों की सक्रियता की प्रशंसा की तथा अभिभावकों एवं छात्राओं की समस्याओं को सुनते हुए उनके द्वारा दिए गए सुझाव पर अमल करने का आश्वासन दिया साथ ही अपेक्षा की कि सतत प्रयासों से एक दिन अवश्य ही कोई छात्रा अपनी सामर्थ्य एवं कुशलता से महाविद्यालय का नाम रोशन करेगी। प्राचार्य ने आगामी नैक मूल्रू हेतु अभिभावकों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गयी ' आइक्यूएसी प्रभारी प्रोफेसर डॉ.लता कुमार जी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे छात्राओं को नियमित कक्षाएं लेने के लिए प्रतिदिन महाविद्यालय भेजें। उन्होंने नैक मूल्यांकन में अभिभावकों की भूमिका और महत्व को स्पष्ट करते हुए आगामी नैक मूल्यांकन में उनकी सहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम का प्रारंभ सर्वप्रथम सरस्वती माँ की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में समिति के सभी सदस्यों डॉ. मंजू रानी, डॉ.आवेश कुमार का सहयोग रहा ' प्राध्यापक अभिभावक संघ की बैठक में प्रो. लता कुमार, प्रोफेसर अनीता गोस्वामी, प्रो. सुधा रानी सिंह, डॉ नीता सक्सेना, डॉ. नेहा, डॉक्टर पारुल मलिक आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

YOUR PARAGRAPH TEXT

## वरिष्ठ अधिवक्ता कन्हैया लाल के निधन पर हुई शोक सभा ...

## प्राध्यापक अभिभावक संघ की मीटिंग का आयोजन

By News Prahari - Mar 04, 2024



प्राध्यापक अभिभावक संघ की मीटिंग का आयोजन

G+ google+ | twitter | facebook

AA newsprahari.com

## महाविद्यालय में प्राध्यापक अभिभावक संघ की मीटिंग का आयोजन (04-03-2024)

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

मेरठ की आवाज

संपादक- रवि ठाकुर

**BREAKING NEWS**

## वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ डे पर सोशल फॉरेस्ट्री डिविजन द्वारा किया व्याख्यान का अयोजन



मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ में आज दिनांक आज दिनांक 4 मार्च 2024 को वर्ड वाइल्ड लाइफ डे का आयोजन किया गया। दिनांक 3 मार्च को पूरे विश्व में वर्ल्ड लाइफ वाइल्डलाइफ डे मनाया जाता है। कार्यक्रम का आयोजन सोशल फॉरेस्ट्री डिवीजन, मेरठ एवं ईको क्लब शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता जाने माने वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट एवं चीफ वेटनरी ऑफिसर, मेरठ, डॉ राकेश कुमार रहे। उन्होंने छात्राओं को वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन के महत्व के बारे में बताया साथ में वन्य जीव संरक्षण से संबंधित अनेकों तथ्य एवं उससे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी से छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हम सभी के छोटे-छोटे प्रयासों से हम वन्य जीव एवं मानव के बीच होने वाले संघर्ष को कम कर सकते हैं । जीवन की गुणवत्ता के लिए वन्य जीवों एवं जंगलों का संरक्षण अति आवश्यक है। कार्यक्रम संयोजक डॉ गौरी, प्रोफ डॉ अनीता गोस्वामी, डॉ कुमकुम राजपूत एवं डॉ भारती शर्मा एवं डॉ एस पी एस राणा रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफ़ डॉ अंजू सिंह ने कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी एवं छात्राओं को जागरुक रहने के लिए कहा । सोशल फॉरेस्ट्री डिवीजन मेरठ के कोऑर्डिनेटर युद्धिष्ठर दत्त का विशेष सहयोग रहा।

## वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ डे पर सोशल फॉरेस्ट्री डिविजन द्वारा किया व्याख्यान का अयोजन ।

वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ डे पर सोशल फॉरेस्ट्री डिविजन द्वारा किया व्याख्यान का अयोजन ।

Rajeev Goayal



शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला महाविद्यालय माधवपुरम मेरठ में आज दिनांक आज दिनांक 4 मार्च 2024 को वर्ड वाइल्ड लाइफ डे का आयोजन किया गया।

दिनांक 3 मार्च को पूरे विश्व में वर्ल्ड लाइफ वाइल्डलाइफ डे मनाया जाता है। कार्यक्रम का आयोजन सोशल फॉरेस्ट्री डिवीजन, मेरठ एवं ईको क्लब शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता जाने माने वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट एवं चीफ वेटनरी ऑफिसर, मेरठ, डॉ राकेश कुमार रहे।

उन्होंने छात्राओं को वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन के महत्व के बारे में बताया साथ में वन्य जीव संरक्षण से संबंधित अनेकों तथ्य एवं उससे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी से छात्राओं को अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि हम सभी के छोटे-छोटे प्रयासों से हम वन्य जीव एवं मानव के बीच होने वाले संघर्ष को कम कर सकते हैं । जीवन की गुणवत्ता के लिए वन्य जीवों एवं जंगलों का संरक्षण अति आवश्यक है।

कार्यक्रम संयोजक डॉ गौरी, प्रोफ डॉ अनीता गोस्वामी, डॉ कुमकुम राजपूत एवं डॉ भारती शर्मा एवं डॉ एस पी एस राणा रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफ़ डॉ अंजू सिंह ने कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी एवं छात्राओं को जागरूक रहने के लिए कहा । सोशल फॉरेस्ट्री डिवीजन मेरठ के कोऑर्डिनेटर युद्धिष्ठर दत्त का विशेष सहयोग रहा

## महाविद्यालय में इको रेस्टोरेशन क्लब एवं सोशल फॉरेस्ट्री डिवीज़न मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे का आयोजन (04-03-2024)

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

All PDF SiyasiTaqdeer Hindi.

## शहीद मंगल पांडे में खेलो उत्सव समारोह के दूसरे दिन प्रतियोगिताओं का आयोजन





मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में आयोजित किये जा रहे दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह खेलोत्सव 2023-24 के दूसरे दिन महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) अंजू सिंह के संरक्षण में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। लंबी कूद में हिमांशी तोमर प्रथम, सोनी द्वितीय और रिंकी तृतीय स्थान पर रही। ऊँची कूद में सोनी प्रथम, आरुषि द्वितीय और रिंकी तृतीय स्थान पर रही। रस्सी कूद में बीए तृतीय वर्ष की कोमल प्रथम, एम ए प्रथम वर्ष की कोमल द्वितीय और बीए द्वितीय वर्ष की एलिस तृतीय स्थान पर रही। रस्सा कशी में बी एड टीम विजेता और बीएससी टीम उप विजेता रही। योग में शिवानी कुमारी प्रथम, शर्मिष्ठा और लता वर्मा द्वितीय, मुस्कान और प्रियंका तृतीय स्थान पर रहीं। टेबल टेनिस में प्रियंका ने प्रथम, नेहा सतीजा ने द्वितीय और सपना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन में ईशा सिंह ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय और डिंपी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस खेलोत्सव की चैंपियन हिमांशी तोमर रही। आज के समापन समारोह की मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) अंजू सिंह ने छात्राओं को आशीर्वाद दिया और विजेता छात्राओं को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। आज के कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूनम भंडारी ने किया। इस द्विदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह के आयोजक डा. भारती शर्मा और डा. जितेंद्र बालियान रहे। विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के आयोजन में महाविद्यालय प्राध्यापकों और कार्यालय कर्मियों ने सहयोग किया।

Meerut



शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज मे दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह खेलोत्सव का समापन गुरुवार को हुआ। जिसमे लंबी कूद मे हिमांशी तोमर प्रथम, सोनी दूसरे और रिंकी तीसरे स्थान पर रहीं। ऊंची कूद मे सोनी प्रथम, आरुषि द्वितीय रहीं। रस्सी कूद मे कोमल प्रथम, कोमल द्वितीय रहीं। रस्साकशी मे बीएड टीम विजयी रही। योग मे शिवानी प्रथम, शर्मिष्ठा और लता वर्मा दूसरे स्थान पर रहीं। टेबल टेनिस मे प्रियंका प्रथम, नेहा सतीजा द्वितीय रहीं। बैडमिंटन मे ईशा सिंह प्रथम, अंजलि द्वितीय रहीं। चैंपियन हिमांशी तोमर रहीं • जागरण

YOUR PARAGRAPH TEXT

हिन्दुस्तान

## खेलोत्सव में हिमांशी तोमर रही चैंपियन

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला पीजी कॉलेज मेरठ में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह 'खेलोत्सव' 2023-24 के दूसरे दिन महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अंजू सिंह के संरक्षण में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेलोत्सव की चैम्पियन हिमांशी तोमर रही।

Meerut-City | My City | 08

## खेलोत्सव की चैंपियन बनीं हिमांशी

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह 'खेलोत्सव' 2023-24 का समापन हो गया। लंबी कूद में हिमांशी तोमर प्रथम, सोनी द्वितीय और रिंकी तृतीय रहीं। ऊंची कूद में सोनी प्रथम, आरुषि द्वितीय और रिंकी तृतीय स्थान पर रहीं। रस्सी कूद में कोमल प्रथम, कोमल द्वितीय और एलिस तृतीय स्थान पर रहीं। योग में शिवानी कुमारी प्रथम, शर्मिष्ठा और लता वर्मा द्वितीय, मुस्कान और प्रियंका तृतीय स्थान पर रहीं। टेबल टेनिस में प्रियंका ने प्रथम, नेहा सतीजा ने द्वितीय और सपना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन में ईशा सिंह ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय और डिंपी ने तृतीय रहीं। अंत में 'खेलोत्सव' की चैंपियन हिमांशी तोमर रहीं। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजू सिंह ने विजेता छात्राओं को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। संचालन डॉ. पूनम भंडारी ने किया। आयोजक डॉ. भारती शर्मा और डॉ. जितेंद्र बालियान रहे। संवाद



खिलाड़ी छात्राओं को सम्मानित करतीं प्रधानाचार्य। संवाद

## महाविद्यालय में 24वाँ वार्षिक क्रीडा समारोह खेलोत्सव का समापन (07-03-2024)

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT



विक्रमण

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रारंभ हुआ दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह

वॉयस ऑफ लखनऊ 9

खेल मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा : दीपक मीणा

मेरठ । शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ में दो दिवसीय 24वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह खेलोत्सव प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दीपक मीणा के द्वारा महाविद्यालय परिसर में नवनिर्मित फाउंटेन का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी, महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर (डॉक्टर) अंजू सिंह एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती माता को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना का गायन किया। अतिथियों के स्वागत में छात्रा प्रियांशी ने मनोहारी नृत्य प्रस्तुति दी। डॉ उषा साहनी के निर्देशन में छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि खेल मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत अच्छा है। इसलिए छात्राएं टीवी और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर नियमित रूप से खेलें। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो डॉ अंजू सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास का उत्कृष्ट माध्यम है। छात्राएं हार-जीत की भावना से ना खेलें अपितु अपनी पूर्ण क्षमता से प्रतिभाग करें।

दैनिक मेरठ सिटी हलचल — खबर का होता है असर

छात्राएं सोशल मीडिया और टीवी से दूरी बनाकर गेम्स खेलें: दीपक मीणा

07 Dainik Janwani Meerut C...

मेरठ

शिक्षा के साथ खेल से मिल रहा युवाओं को रोजगार

छात्राएं सोशल मीडिया और टीवी से दूरी बनाकर गेम्स खेलें: दीपक मीणा

Meerut-City · My City

रोजाना खेलों में बहाएं पसीना : डीएम

शहीद मंगल पांडेय में खेल उत्सव का आगाज, पहले दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा

All PDF siyasitaqdeer hindi-...

...ल पांडे महाविद्यालय में दो दिवसीय क्रीड़ा खेलोत्सव का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

हिन्दुस्तान

मेरठ। अखिल भारतीय साहित्यलोक एवं हिंदी साहित्य अकादमी के तत्वावधान में बुधवार को डॉ. सुबोध गर्ग काव्य प्रतिभा सम्मान चैंबर ऑफ कॉमर्स में आयोजन हुआ। अध्यक्षता सुशील कंसल और डॉ. प्रतीक गुप्ता ने संचालन किया। हिमांशु गौतम मंडल आयुक्त ने कहा कि हमें हिंदी के प्रति नकारात्मक रवैया छोड़कर सकारात्मक वातावरण पैदा करना चाहिए। प्रमोद गुप्ता, बृजभूषण गर्ग, विशाल अग्रवाल, राधेश्याम गुप्ता, एसपी गोयल, सुशील गुप्ता, विनीत मित्तल, सुरेंद्र तायल, वेद ठाकुर आदि रहे।

## क्रीड़ा समारोह खेलोत्सव धूमधाम से मनाया

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला पीजी कॉलेज में दो दिवसीय 24 वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह खेलोत्सव 2023-24 प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दीपक मीणा रहे। विशिष्ट अतिथि आईक्यूएसी के बाह्य सदस्य प्रतीश कुमार सिंह ने छात्राओं को सम्बोधित किया। शटल रन में सोनी प्रथम, रिंकी द्वितीय और अनिशा तृतीय स्थान पर रहीं। शॉट पुट में हिमांशी तोमर प्रथम, हिम्मी द्वितीय व भव्या तृतीय स्थान पर रहीं। प्राचार्य प्रोफेसर अंजू सिंह ने विचार रखे। डॉ. पूनम भंडारी, डॉ. नीता सक्सेना रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेल जरूरी : जिलाधिकारी

जागरण संवाददाता, मेरठ : शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को दो दिवसीय 24वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह खेलोत्सव की शुरुआत मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दीपक मीणा ने परिसर में नवनिर्मित फाउंटेन का उद्घाटन करके की।

कार्यक्रम में मां सरस्वती वंदना कर डा. उषा साहनी के निर्देशन में छात्राओं ने मार्च पास्ट किया। प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि खेल मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है। इसलिए छात्राएं टीवी और इंटरनेट मीडिया से दूरी बनाकर नियमित रूप से खेलें। इसके उपरांत सभी अतिथियों ने गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। छात्रा हिमांशी द्वारा मशाल प्रज्वलित की गई। सोनिया ने कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति दी। डा. जितेंद्र बालियान ने वार्षिक क्रीड़ा आख्या प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथि आइक्यूएसी के बाह्य सदस्य प्रतीश कुमार सिंह ने छात्राओं से कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी रोजगार प्राप्ति का साधन बनता है। आइक्यूएसी के बाह्य सदस्य शुभेंदु मित्तल ने उत्साहवर्धन किया।

**महाविद्यालय में 24वाँ वार्षिक क्रीडा समारोह खेलोत्सव का आयोजन (06-07 मार्च 2024)**

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

DAINIK MEERUT NEWS
EDITOR: RAJKUMAR AGARWAL
Date [redacted]
WhatsApp 9837037373
Get Social with us!

## शहीद मंगल पांडे महिला महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन



आज दिनांक 05 फरवरी 2024 को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय,मेरठ एवम क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में विधार्थियों के कैरियर निर्माण और रोजगार सहायता सहित सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविधालय की प्राचार्य प्रो0 डॉ0 अंजू सिंह, के संरक्षण में प्रो0 भारती दीक्षित और रोजगार कार्यालय के अधिकारी शशि भूषन उपाध्याय जी के द्वारा किया गया।प्रकोष्ठ प्रभारी प्रोफेसर भारती दीक्षित ने छात्राओं को कार्यक्रम की उपादेयता व रूपरेखा से परिचित कराया एवं अतिथियों का महाविद्यालय में स्वागत किया। रोजगार मेले में छात्राओं के साक्षात्कार के लिए पांच कम्पनियों ने अपने मानव प्रबंधन विभाग को महाविधालय में छात्राओं का साक्षात्कार लेने के लिए नामित किया। इस रोजगार मेले में द ब्लू हेवेन कंपनी, डॉ0 रेड्डी फाउंडेशन, एडेल्विएस्स टोक्यो लाइफ इंसुरेंस कंपनी, वोडाफ़ोन-आइडिया और औक्टाविन कंपनियों ने भाग लिया।

Dream , Think , Create and Achieve
The Little APEX
Play Group , Kindergarten , Grade 1 To 5
685, BEGUM BAGH, MEERUT



शहीद मंगल पांडे पीजी कॉलेज में आयोजित मेले में जानकारी लेतीं छात्राएं। संवाद

## 72 छात्राओं को मिले नियुक्ति पत्र

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय व क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजू सिंह के संरक्षण में प्रो. भारती दीक्षित और रोजगार कार्यालय के अधिकारी शशि भूषण उपाध्याय ने किया।

प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. भारती दीक्षित ने छात्राओं को कार्यक्रम की उपादेयता व रूपरेखा से परिचित कराया। रोजगार मेले में छात्राओं के साक्षात्कार के लिए पांच कंपनियों ने प्रतिभाग किया। द ब्लू हेवेन कंपनी, डॉ. रेड्डी फाउंडेशन, एडेल्विएस्स टोक्यो लाइफ इंसुरेंस कंपनी, वोडाफोन-आइडिया और औक्टाविन जैसी कंपनियों ने हिस्सा लिया। मेले में लगभग 192 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। 72 छात्राओं को नियुक्ति पत्र मिले। रोजगार प्रकोष्ठ समिति के सदस्य डॉ. एसपी सिंह राना, डॉ. उषा साहनी, डॉ. राम चन्द्र सिंह, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. विकास कुमार, डॉ. शबीना प्रवीन, डॉ. नेहा सिंह मौजूद रहीं। संवाद

YOUR PARAGRAPH TEXT

## युवा जागर



**72 छात्राओं का चयन** : शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा मंगलवार को रोजगार मेला लगाया गया। इसमे पांच कंपनियो ने छात्राओं का साक्षात्कार लिया। रोजगार मेले में द ब्लू हेवेन कंपनी, डा. रेड्डी फाउंडेशन, एडलवाइज टोक्यो लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, वोडाफोन इंडिया और आंक्टाविन कंपनियो ने भाग लिया। 72 छात्राओं का विभिन्न कंपनियों मे चयन हुआ।

## श.म.पा.रा.म.स्ना. महाविद्यालय मेरठ एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में रोज़गार मेले का आयोजन (05 मार्च 2024)

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

Meerut-City | My City | 12

न्यूज डायरी

## निबंध प्रतियोगिता में निशी प्रथम



शहीद मंगल पांडेय कॉलेज में निबंध लिखने वालीं प्रतिभागी। स्रोत: संस्था

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में विभागीय परिषद के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता हुई। इसका विषय उपभोक्ता संतुष्टि संवर्धन में ई-कामर्स की भूमिका रहा। निर्णायक प्राचार्य प्रो. डॉ. अंजू सिंह, डॉ. डेजी वर्मा और डॉ. राजीव कुमार रहीं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशी शर्मा, द्वितीय स्थान खुशी अरोरा और स्वाति दीक्षित व तृतीय स्थान पर केसर सिंह और नौशीन ने प्राप्त किया। डॉ. राकेश कुमार, डॉ. विकास कुमार, डॉ. आवेश कुमार और डॉ. नेहा सिंह रहे। संवाद

JD 12-03-2024_240312_0...

## राजकीय महिला महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में विभागीय परिषद के अंतर्गत एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक उपभोक्ता संतुष्टि संवर्धन में ई-कॉमर्स की भूमिका था। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग की छात्राओं ने विभिन्न विभिन्न स्वरूपों में ई-कॉमर्स के संबंध में निबंध लिखकर अपने विचारों को प्रदर्शित किया। निबंध लेखन का कार्य पूर्ण होने के पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अंजू सिंह एवं निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ डेजी वर्मा एवम डॉक्टर राजीव कुमार ने जज की भूमिका निभाते हुए निबंधों को अवलोकिक कर उन पर प्रथम द्वितीय और तृतीय श्रेणी में चयनित निबंध का चुनाव किया। प्रथम स्थान पर निशी शर्मा बीकॉम द्वितीय दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से खुशी अरोरा बीकॉम द्वितीय और स्वाति दीक्षित बीकॉम द्वितीय बीकॉम तृतीय वर्ष रही। इस अवसर पर डॉ राकेश कुमार, डॉ विकास कुमार ,डॉ आवेश कुमार और डॉ० नेहा सिंह रहे।

### श्री प्रजापति सामूहिक विवाहोत्सव में 16 जोड़े दाम्पत्य जीवन से जुड़ेंगे आज

मथुरा। श्री प्रजापति समाज सेवा समिति, के तत्वावधान में आयोजित उन्नीसवाँ प्रजापति सामूहिक विवाहोत्सव दिनांक 12 मार्च 2024, मंगलवार फुलेरा दौज के दिन 16 जोड़े वैवाहिक दाम्पत्य जीवन से जुड़ जाएंगे। जानकारी देते हुए अनिल कुमार प्रजापति ने बताया कि अत्यन्त हर्ष का विषय है कि प्रजापति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित श्री प्रजापति समाज सेवा समिति (रजि.) जनपद मथुरा फुलेरा दौज के शुभ अवसर पर उन्नीसवाँ प्रजापति सामूहिक

## शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। शहिद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में विभागीय परिषद के अंतर्गत एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक उपभोक्ता संतुष्टि संवर्धन में ई-कॉमर्स की भूमिका था। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग की छात्राओं ने विभिन्न विभिन्न स्वरूपों में ई-कॉमर्स के संबंध में निबंध लिखकर अपने विचारों को प्रदर्शित किया। निबंध लेखन का कार्य पूर्ण होने के पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अंजू सिंह एवं निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. डेजी वर्मा एव डॉ. राजीव कुमार ने जज की भूमिका निभाते हुए निबंधों को अवलोकिक कर उन पर प्रथम द्वितीय और तृतीय श्रेणी में चयनित निबंध का चुनाव किया। प्रथम स्थान पर निशी शर्मा बीकॉम द्वितीय दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से खुशी अरोरा बीकॉम द्वितीय और स्वाति दीक्षित बीकॉम द्वितीय वर्ष है, तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से केसर सिंह बीकॉम द्वितीय और नौशीन बीकॉम तृतीय वर्ष रहीं। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार, डॉ. विकास कुमार ,डॉ. आवेश कुमार, डॉ. नेहा सिंह आदि मौजूद रहे।


# विक्रमण

Email-vikramanmeerut@gmail.com

सम्पादक: सुशील गांधी मो० मेरठ, 12 मार्च 2024 हिन्दी समाचार पत्र


## वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में विभागीय परिषद के अंतर्गत एक निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



छाया: विक्रमण



विक्रमण संवाददाता मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ को वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में विभागीय परिषद के अंतर्गत एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक उपभोक्ता संतुष्टि संवर्धन में ई-कॉमर्स की भूमिका था। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग की छात्राओं ने विभिन्न विभिन्न स्वरूपों में ई-कॉमर्स के संबंध में निबंध लिखकर अपने विचारों को प्रदर्शित किया। निबंध लेखन का कार्य पूर्ण होने के पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अंजू सिंह एवं निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ डेजी वर्मा एवम डॉक्टर राजीव कुमार ने जज की भूमिका निभाते हुए निबंधों को अवलोकिक कर उन पर प्रथम द्वितीय और तृतीय श्रेणी में चयनित निबंध का चुनाव किया। प्रथम स्थान पर निशी शर्मा बीकॉम द्वितीय दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से खुशी अरोरा बीकॉम द्वितीय और स्वाति दीक्षित बीकॉम द्वितीय वर्ष है तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से केसर सिंह बीकॉम द्वितीय और नौशीन बीकॉम तृतीय वर्ष रहीं। इस अवसर पर डॉ राकेश कुमार, डॉ विकास कुमार ,डॉ आवेश कुमार और डॉ० नेहा सिंह रहे।

**महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने विभागीय परिषद के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन (12 मार्च 2024)**

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT




महाविद्यालय में महिला दिवस के उपलक्ष्य में शास्ता मंडल एवं समाजशास्त्र विभाग द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत परिचर्चा का आयोजन (09 मार्च 2024)

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

दैनिक मेरठ

खबर का होता है असर

## सिटी हलचल

### रेंजर्स ने 'आपका अपना घर' वृद्ध आश्रम में किया सेवा कार्य



मेरठ सिटी हलचल संवाददाता

मेरठ। शहीद मंगल पाण्डेय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ के रेंजर्स प्रभारी डॉ. अनुजा गर्ग के निर्देशन में वृद्धों के सम्मान एवं सहयोग भावना को प्रोत्साहित करने के लिए क्रांति रेंजर्स टीम की रेंजर्स ने 'आपका अपना घर' वृद्ध आश्रम , साईं पुरम मेरठ में जाकर सेवा का कार्य किया। छात्राओं ने देखा कि यह वृद्ध आश्रम आज एक परिवार में परिवर्तित हो गया है। यहाँ अपनों के द्वारा सताये गए व घर से निकाले गए वो वृद्ध हैं, जिन्होंने अपने जीवन की सारी कमाई अपने बच्चों पर लगा दी लेकिन उम्र के अंतिम पड़ाव मे औलाद ने माँ-बाप को बोझ समझ कर , घर से निकाल कर वृद्ध आश्रम मे छोड़ दिया। आश्रम के वृद्ध जनों ने अपने जीवन की दास्तान सुनाई तो छात्राओ की आँखो से आँसू निकल पड़े। उन्होंने बताया कि प्रत्येक त्योहार पर महाविद्यालय की रेंजर्स उनसे मिलने आती है तथा दीपावली होली आदि अवसरो पर रंगोली बनाकर विभिन्न प्रकार से आश्रम को सजाती है जिससे उन सबको पारिवारिक सुख की अनुभूति होती है। छात्राओ ने उनके सुख-दुःख मे हमराही बनने का वादा किया तथा सभी के साथ मिलकर पारिवारिक माहौल बनाया। रेंजर्स लीडर डॉक्टर अनुजा गर्ग ने एनसीसी कैडेट्स एवं रेंजर्स को भविष्य में अपने समस्त वृद्धजनों तथा ससुराल पक्ष में विशेष रूप से अपने सास-ससुर की सेवा करने एवं उनका सम्मान करने का संकल्प दिलाया। रेंजर प्रभारी डॉक्टर अनुजा गर्ग ने वृद्ध आश्रम को आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

DB NOIDA 15 March 2024....

के अलावा कर्मचारी नईम अंसारी,अजय,गौरव,सुशील, भूरा आदि टीम में मौजूद रहे।

### अंतरराष्ट्रीय दिवस : वृद्धाश्रम भ्रमण और नदियों के प्रति कार्यवाही का आयोजन



भास्कर ब्यूरो

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में एनसीसी इकाई द्वारा 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल महेश चौहान तथा प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह के संरक्षण तथा एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डा. लता कुमार के संयोजन में वृद्धाश्रम भ्रमण किया गया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा सामुदायिक सेवा के अन्तर्गत आपका अपना घर वृद्ध आश्रम साईपुरम में जाकर सेवा कार्य किया। एनसीसी इकाई द्वारा आश्रम में निवास कर रहे बुजुर्गों से उनके मन की बातें जानने और उनकी तकलीफों को साझा करने का प्रयास किया गया। इकाई द्वारा वृद्ध जनों के लिए कुछ वस्त्र और खाद्य सामग्री भी उपलब्ध कराई गई, जिसके लिए बुजुर्गों ने कैडेट्स को आशीर्वचन दिए। प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने कैडेट्स के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर इकाई द्वारा एक परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सुभारती विवि की सहायक प्रोफेसर पत्रकारिता और मास कम्युनिकेशन प्रीति सिंह उपस्थित रहीं। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट लता कुमार ने सभी को नदियों को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। लैफ्टिनेंट प्रो. लता कुमार ने कार्यक्रम का संयोजन किया। आयोजन में 30 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया।

### अंतरराष्ट्रीय दिवस का आयोजन

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में गुरुवार को एनसीसी इकाई द्वारा 22 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल महेश चौहान व महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह के संरक्षण तथा एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डा. लता कुमार के संयोजन में वृद्धाश्रम भ्रमण किया गया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा सामुदायिक सेवा के अन्तर्गत आपका अपना घर श वृद्ध आश्रम , साईं पुरम मेरठ में जाकर सेवा कार्य किया गया। एनसीसी इकाई द्वारा आश्रम में निवास कर रहे बुजुर्गों से उनके मन की बातें जानने और उनकी तकलीफों को साझा करने का प्रयास किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री प्रीति सिंह, सहायक प्रोफेसर-पत्रकारिता और मास कम्युनिकेशन, सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ उपस्थित रहीं। कैडेट के साथ चर्चा करते सुश्री प्रीति ने कैडेट्स को नदियों के संरक्षण के लिए जागरूक करते हुए जलीय इकाइयों, नदियों और तालाबों को स्वच्छ रखने, उनमें प्लास्टिक ना फेंकने, प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने के सुझाव दिए। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट लता कुमार ने सभी को नदियों को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। महाविद्यालय प्राचार्य ने इस अवसर पर सबको बधाई और शुभकामनाएं दी। लेफ्टिनेंट प्रो.लता कुमार ने कार्यक्रम का संयोजन किया। आयोजन में 30 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया।

### आपका अपना घर वृद्ध आश्रम पहुंची छात्राएं



मेरठ। शहीद मंगल पाण्डेय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम के रेंजर्स प्रभारी डॉ. अनुजा गर्ग के निर्देशन में वृद्धों के सम्मान एवं सहयोग भावना को प्रोत्साहित करने के लिए क्राति रेंजर्स टीम की आपका अपना घर वृद्ध आश्रम साईंपुरम जाकर सेवा का कार्य किया। छात्राओं ने देखा कि यह वृद्ध आश्रम आज एक परिवार में परिवर्तित हो गया है। यहाँ अपनों के द्वारा सताए गए व घर से निकाले गए वो वृद्ध है, जिन्होंने अपने जीवन की सारी कमाई अपने बच्चों पर लगा दी, लेकिन उम्र के अंतिम पड़ाव मे औलाद ने माँ-बाप को बोझ समझ कर घर से निकालकर वृद्ध आश्रम मे छोड़ दिया। आश्रम के वृद्धजनों ने अपने जीवन की दास्तान सुनाई तो छात्राओं की आँखो से आँसू निकल पड़े। उन्होंने बताया कि प्रत्येक त्योहार पर महाविद्यालय की रेंजर्स उनसे मिलने आती है तथा दीपावली व होली आदि अवसरों पर रंगोली बनाकर विभिन्न प्रकार से आश्रम को सजाती है, जिससे उन सबको पारिवारिक सुख की अनुभूति होती है। रेंजर प्रभारी डॉक्टर अनुजा गर्ग ने वृद्ध आश्रम को आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

### वृद्धाश्रम भ्रमण और नदियों के प्रति कार्यवाही का अंतरराष्ट्रीय दिवस आयोजित



## महाविद्यालय में क्रांति रेंजर्स टीम एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा "आपका अपना घर" वृद्धाश्रम में सेवा कार्य का आयोजन (15 मार्च 2024)

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

## सुभारती विधि संस्थान में विशेष प्रेरक व्याख्यान का आयोजन



स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान में एक विशेष प्रेरक व्याख्यान का आयोजन छात्रों के लिये आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के सुभारती विधि संस्थान, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग एवं शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुभारती विधि संस्थान के संकायाध्यक्ष प्रो. .डॉ. वैभव गोयल भारतीय ने अतिथि डॉ. आशीष पाठक का परिचय देते हुए "पेशेवर कौशल विकास एवं व्यक्तित्व निखार" विषय पर अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्तित्व विकास एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया हैं। छात्र-छात्रों में व्यक्तित्व विकास व कौशल विकास की जरूरत आज के प्रतियोगी समय में सबसे ज्यादा हैं। बिना पेशेवर तरीके अपनाएं और बिना व्यक्तित्व विकास के हम अपना लक्ष्य नही पा सकते। अतिथि डॉ. आशीष पाठक का स्वागत डॉ. शशिराज तेवतिया व डॉ. रीना विशनोई द्वारा उपहार देकर किया गया। डॉ. आशीष पाठक ने व्यक्तित्व विकास पर अपने संबोधन में कहा कि जीवन में सफल होने के लिये अपने अन्दर के व्यक्तित्व को पहचाने और उसे विकसित करें। विभिन्न मनोवैज्ञानिकों का उदाहरण देते हुए पर्सनल व्यवहार, एटीट्यूड, प्रस्तुति का तरीका, लोगों से बात करने तरीका आदि के संदर्भ में अपने विचार दिये। अपने सम्बोधन में उन्होंने छात्रों से अनेक सवाल भी किये। उन्होंने व्यक्तित्व में आई बुरी आदतों को छोड़ने के विशय पर भी अपनी राय रखी।



## लक्ष्य पाने के लिए पेशेवर तरीका अपनाएं

मेरठ। सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान, कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग और शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला पीजी कॉलेज के तत्वावधान में 'पेशेवर कौशल विकास एवं व्यक्तित्व निखार' पर लेक्चर हुआ। डीन डॉ.वैभव गोयल भारतीय ने कहा कि बिना पेशेवर तरीका और बिना व्यक्तित्व विकास के हम अपना लक्ष्य नहीं पा सकते। डॉ.आशीष पाठक, मनोज गुप्ता, डॉ.सारिका त्यागी, डॉ.प्रेमचन्द्र, आफरीन अल्मास, विकास त्यागी, एना सिसोदिया आदि रहे।

## सुभारती विधि संस्थान में विशेष प्रेरक व्याख्यान का आयोजन



## व्यक्तित्व विकास के बिना लक्ष्य प्राप्ति असंभव



## स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती विश्वविद्यालय संस्थान में एक विशेष प्रेरक व्याख्यान का आयोजन

संवाददाता संजय चौधरी ब्यूरो चीफ मेरठ



डा रीना विशनोई द्वारा उपहार देकर किया सम्मानित



## सुभारती विधि संस्थान में विशेष प्रेरक व्याख्यान का आयोजन

News Prahari - Apr 06, 2024

### सुभारती विधि संस्थान में विशेष प्रेरक व्याख्यान का आयोजन



धारा न्यूज संवाददाता, मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान में एक विशेष प्रेरक व्याख्यान का आयोजन छात्रों के लिये आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के सुभारती विधि संस्थान, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग एवं शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुभारती विधि संस्थान के संकायाध्यक्ष प्रो. .डॉ. वैभव गोयल भारतीय ने अतिथि डॉ. आशीष पाठक का परिचय देते हुए "पेशेवर कौशल विकास एवं व्यक्तित्व निखार" विषय पर अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्तित्व विकास एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। छात्र-छात्रों में व्यक्तित्व विकास व कौशल विकास की जरूरत आज के प्रतियोगी समय में सबसे ज्यादा है। बिना पेशेवर तरीके अपनाएं और बिना व्यक्तित्व विकास के हम अपना लक्ष्य नही पा सकते। अतिथि डॉ. आशीष पाठक का स्वागत डॉ. शशिराज तेवतिया व डॉ. रीना विशनोई द्वारा उपहार देकर किया गया।

## महाविद्यालय में एकेडमिक एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत सुभारती विश्वविद्यालय में संवादात्मक परिचर्चा का आयोजन (20 मार्च 2024)

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

दैनिक मेरठ
सिटी हलचल
खबर का होता है असर



## शहीद मंगल पांडे डिग्री कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित

मेरठ सिटी हलचल संवाददाता

मेरठ। शहीद मंगल पांडे डिग्री कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी बी० ए० एवं एम० ए० की छात्राएं उपस्थित रही। इस अवसर पर जैन कॉलेज सहारनपुर से प्रोफेसर डॉक्टर संदीप गुप्ता और प्रोफेसर रविंद्र कुमार, गांधी विद्या निकेतन डिग्री कॉलेज बूढ़पुर रामाला बागपत से उपस्थित रहे। प्रोफेसर संदीप गुप्ता ने कहा कि खेलकूद एवं शारीरिक क्रियाएं हमें जीवन जीने की कला सिखाती हैं साथ ही व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए किस प्रकार अपने भोजन एवं जल को ग्रहण करना चाहिए। हाई एल्टीट्यूड पर एक्सरसाइज के सकारात्मक प्रभाव एवं स्वच्छ हवा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर रविंद्र कुमार ने जीवन को रोग मुक्त रखने एवं योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस तकनीकी भरी दुनिया में खुद को स्वस्थ रखने के उपायों पर चर्चा की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा सभी छात्राओं को आशीर्वचन रूप में खेलों में खूब बढ़-चढ़कर प्रतिभा करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि जीवन को यदि लंबा और सुंदर बनाना है तो खेलों को जीवन का एक आंतरिक हिस्सा बनना होगा। कार्यक्रम समन्वयक के रूप में डॉक्टर भारती शर्मा एवं डॉक्टर जितेंद्र कुमार बालियान उपस्थित रहे।

**महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा सूक्ष्म संगोष्ठी का आयोजन (15 मार्च 2024)**

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT

दैनिक मेरठ
# सिटी हलचल
खबर का होता है असर

## शहीद मंगल पाडेंय डिग्री कॉलेज में अतिथि व्याख्यान का किया आयोजन




मेरठ सिटी हलचल संवाददाता

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग और आजादी का अमृत महोत्सव के संयुक्त तत्वावधान में एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता डॉक्टर मोहम्मद अमजद लारी रिटायर्ड प्राध्यापक एन० आर० सी० खुर्जा महाविद्यालय बुलंदशहर रहे। उन्होंने छात्राओं को कम्पोजिट कल्चर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विन्सेंट स्मिथ ने अकबर के काल में उसे महान न मानकर उसके काल के गोस्वामी तुलसीदास को महान बताया था जो अपने आप में अत्यंत रुचि पूर्ण है। साथ ही उन्होंने मध्यकालीन भारत की इतिहास की बहुत सी अनसुलझी पहेलियों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ एक पर्यावरण का प्रतीक पौधा देकर उनका अभिनंदन किया गया। लारी जी के व्यक्तित्व के विषय में विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर अनीता गोस्वामी ने सभी को अवगत कराया कि वह केवल इतिहासकार ही नहीं वरन एक महान साहित्यकार भी हैं जो अखिल भारतीय महिला कवि परिषद के संस्थापक है और उसके सम्मेलनों का आयोजन निरंतर विश्व के विभिन्न शहरों में विभिन्न देशों में संपन्न कराते हैं। उनके द्वारा 51 से भी अधिक देशों का भ्रमण किया जा चुका है, जिसमें वह अपनी साहित्यिक यात्रा को अनवरत रखते हैं। इस अवसर पर विभाग के स्नातक तथा स्नातकोत्तर की छात्राएँ उपस्थित रहीं।

**महाविद्यालय में इतिहास विभाग एवं आज़ादी के अमृत महोत्सव के संयुक्त तत्वाधान में अतिथि व्याख्यान का आयोजन (14 मार्च 2024)**

# SHAHEED MANGAL PANDEY GOVT GIRLS PG COLLEGE MEERUT



शहीद मंगल पांडे कालेज में वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल शिक्षिकाएं व छात्राएं ● जागरण

## शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज में 24वां वार्षिकोत्सव मनाया

मेरठ : शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज में शुक्रवार को 24वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। श्रुति गोयल ने सरस्वती वंदना सुनाई। संगीत विभाग की छात्राओं ने सामूहिक स्वागत गान प्रस्तुत किया। प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह, मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय खरखौदा की पूर्व प्राचार्य प्रो. रेखा रानी ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्रा प्रियांशी और वृंदा ने नृत्य की प्रस्तुति दी। द्वितीय सत्र में निक्की ने लोक गीत फलगुंवा में रंग बरसे गीत पर नृत्य किया। तीसरे सत्र में एनसीसी कैडेट्स ने फिर भी दिल है हिंदुस्तानी गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। डा. पूनम भंडारी और डा. लता कुमार मौजूद रहीं।

मेरठ | शनिवार • 23.03.2024
amarujala.com/meerut
अमर उजाला

## शहीद मंगल पांडे में मेधावी छात्राएं सम्मानित

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में मेधावियों को पुरस्कार वितरित किए गए। मुख्य अतिथि पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी आगरा प्रो. रेखा रानी ने कहा कि कोशिश ऐसी करो कि सफलता की गूंज दूर तक जाए। अव्वल छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या डॉ. अंजू सिंह ने विद्यालय की गतिविधियां बताईं। छात्राओं की भंगड़ा प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरीं। वहीं, विश्वविद्यालय स्तर पर गोल्ड मेडलिस्ट तथा महाविद्यालय स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्राओं को सम्मानित किया गया। डॉ. पूनम भंडारी ने गत वर्ष की उपलब्धियां बताईं। द्वितीय सत्र डॉ. उषा साहनी के संयोजन में हुआ। निक्की ने लोकगीत गाया। बीएड की छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। इस सत्र में स्नातक, वाणिज्य एवं विज्ञान की छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य, प्रो. भारती दीक्षित और डॉ. पूनम भंडारी के संपादन में प्रकाशित शोध जर्नल का विमोचन हुआ। तीसरे सत्र का संचालन प्रो. अनीता गोस्वामी ने किया। संवाद

## महाविद्यालय में 24वें वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन (22 मार्च 2024)